सेंट एंड्रयूज स्कॉट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल

९वीं एवेन्यू, आई.पी.एक्सटेंशन, पटपडगंज,दिल्ली – ११००९२

सत्र: २०२४-२०२५

कक्षा:-पाँचवीं | विषय: हिंदी | पाठ:८ सच्ची मित्रता

कठिन शब्द

ग्रीक

अत्याचारी

पीथियस

कैद

व्यक्ति

इच्छा

फाँसी

स्वीकार

उपकार

दुर्भाग्यवश

विश्वास

शीघ्र

रुख

प्रसन्न

मित्रता

तरक्की

धन्यवाद

लघूत्तरीय प्रश्न

उ०१-किसी को भी फाँसी पर चढ़ाने से पहले उसकी आखिरी इच्छा पूछे जाने का नियम है।

उ०२-पीथियस ने अपनी अंतिम इच्छा यह बताई कि वह अपने परिवार से मिलना चाहता है।

उ०३-लोगों की बातें सुनकर डामन को गुस्सा इसलिए आया क्योंकि वह जानता था कि उसका मित्र धोखेबाज नहीं है । किसी कारण से वह समय पर पहुंच नहीं पाया है।

उ०४-जब राजा ने देखा कि दोनों मित्रों में गहरी मित्रता है तो राजा का हृदय पिघल गया।

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

उ०१-पीथियस की घर वालों से मिलने की इच्छा सुनकर राजा ने यह शर्त रखी कि पीथियस के बदले कोई दूसरा आदमी जेल में रहने को तैयार हो तो उसे कुछ दिनों के लिए परिवार से मिलने के लिए छोड़ दिया जाएगा।

उ०२-परिवार से मिलकर जब वह जेल जाने के लिए लौट रहा था तब हवा उल्टी चलने लगी इस कारण नाव की गति धीमी हो गई नाव ठीक से नहीं चल रही थी इसलिए उसे लौटने में देर हो गई।

उ०३-फाँसी के तख्ते की ओर जाते हुए डामन बहुत प्रसन्न था उसे इस बात की खुशी थी कि उसका जीवन उसके मित्र के काम आ रहा था।

उ०४-दोनों मित्रों की मित्रता से प्रभावित होकर राजा ने फाँसी रद्द करने का निर्णय लिया। राजा ने कहा कि जिस देश में मित्र का साथ देने वाले व्यक्ति हों वह देश हमेशा तरक्की करता है।

रिक्त स्थान

१-ग्रीक देश का राजा बहुत <u>अत्याचारी</u> था।

२-राजा पीथियस की <u>इच्छा</u> पूरी करने के लिए तैयार हो गया।

३-तुमने मेरी मदद करके मुझ पर बहुत बड़ा <u>उपकार</u> किया है।

४-मेरे इस अपराध के कारण <u>ईश्वर</u> भी मुझे कभी क्षमा नहीं करेंगे।

५-उन दोनों की मित्रता देख अत्याचारी राजा भी <u>दयालु</u> बन गया।

वाक्य प्रयोग

१-आरोप(दोष लगाना)

मेरे मित्र ने मुझ पर गलत व्यवहार करने का आरोप लगाया।

२-उपकार (भलाई)

ईश्वर सदा हम पर उपकार करते हैं।

३-शीघ्र (जल्दी)

वर्षा आने वाली थी इसलिए हम शीघ्र ही घर लौट आए।

४-तरक्की (उन्नति)

आज हमारा देश दिन प्रतिदिन तरक्की कर रहा है।